प्रादेशिक समाचार

दिनांक—19.10.2025 (सुबह—0830 बजे)

मुख्य समाचार

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा—संशोधित जीएसटी दरों का लाभ अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है, झारखंड में धनतेरस में करीब दो हजार करोड़ रुपये की हुई खरीददारी।
- झारखंड में घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी हुई तेज, दोनों दलों के स्टार प्रचारक दिवाली के बाद उतरेंगे मैदान में।
- प्रवर्तन निदेशालय—ईडी ने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप सहित 20 के विरुद्ध दाखिल किया आरोप पत्र, गोप ने लेवी और रंगदारी से अर्जित की 20 करोड़ की संपत्ति।
- झारखंड लोक सेवा आयोग ने नौ परीक्षाओं के लिए जारी किया कैलेंडर, छह सौ पांच पदों के लिए प्रक्रिया 27 नवंबर से होगी शुरू, अगले साल सात मार्च तक कर ली जाएगी पूरी।
- तेलंगाना में आयोजित 5वीं इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन झारखंड को दो स्वर्ण पदक मिले।

********************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वित्त मंत्रालय 54 उत्पादों की कीमतों पर कड़ी नज़र रख रहा है ताकि संशोधित जीएसटी का लाभ अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी का लाभ सभी 54 वस्तुओं पर पूरी तरह से लागू कर दिया गया है। वह नई दिल्ली में जीएसटी बचत उत्सव पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। इधर झारखंड में धनतेरस पर करीब दो हजार करोड़ रुपये की खरीददारी हुई।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। देशभर से कई लोगों ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जीएसटी सुधारों पर अपनी राय साझा की।

********************

जीएसटी रिफॉर्म होने के बाद हजारीबाग में धनतेरस बाजार में जमकर खरीददारी हुई।

********************

प्रधानमंत्री के स्वदेशी एवं स्थानीय शिल्पकारों के द्वारा निर्मित वस्तुओं का उपयोग में लाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का जामताड़ा वासियों के बीच व्यापक असर देखा जा रहा है। स्थानीय दुकानदार ने बताया कि महिला समूह के द्वारा निर्मित मिट्टी के बर्तनों, खिलौनों सहित अन्य सामानों की लोग प्राथमिकता के आधार पर खरीददारी कर रहे हैं।

इधर एक ग्राहक ने कहा कि स्थानीय समानों की खरीदारी को लोग प्राथमिकता दे रहे हैं।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि त्योहार आप अपने परिवार के साथ हंसी खुशी मनाए। दिवाली, काली पूजा, सोहराय, गोहाल पूजा, भाई दूज, चित्रगुप्त पूजा और छठ पर्व आने वाला है। त्योहार के इस उमंग को कई गुना करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मईयां सम्मान योजना की राशि सभी मईंया को भेजी जा रही है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप, उसकी दो पत्नियों सहित 20 के विरुद्ध पीएमएलए कोर्ट में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। दाखिल आरोप पत्र में बताया गया है कि दिनेश गोप ने लेवी व रंगदारी के पैसे से 20 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की। ईडी की जांच में अबतक तीन करोड़ 36 लाख रुपए के मनी लान्ड्रिंग किए जाने का खुलासा हुआ है। ईडी ने कोर्ट को यह भी बताया है कि लेवी की राशि वह शेल कंपनियों में निवेश करता था। पैसे के लेन देन के लिए हवाला का भी इस्तेमाल किया जाता था।

*******************

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने परीक्षा कैलेंडर जारी किया है। इनमें 9 परीक्षाओं के लिए पीटी, मेंस, लिखित परीक्षा से लेकर इंटरव्यू और डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन की संभावित तिथि तय की गई है। 9 परीक्षाओं के छह सौ पांच पदों के लिए यह प्रक्रिया 27 नवंबर से शुरू होगी और अगले साल सात मार्च तक पूरी कर ली जाएगी।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार चुनाव में गठबंधन के तहत सीटें नहीं मिलने से नाराजगी जताई है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि बिहार चुनाव के बाद झारखंड में भी घटक दलों की भूमिका पर समीक्षा की जाएगी। उन्होने कहा कि झामुमो को हर बार धोखा मिल रहा है अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झामुमो ने बिहार विधान सभा चुनाव में चकाई, धमदाहा, कटोरिया, मनीहारी, जमुई और पीरपैंती सीट पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

*******************

झारखंड में घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस चुनाव में भाजपा और झामुमो–कांग्रेस गठबंधन के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। दोनों दलों ने दिवाली के तुरंत बाद अपने अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने की योजना बना ली है। घाटशिला उपचुनाव के लिए अबतक कुल 7 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है। 22 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी।

*******************

जमशेदपुर के साकची थाना की पुलिस ने एक नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई है।

********************

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता कल रांची के खेलगांव में शुरू हुआ। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा विभाग जिस समर्पण के साथ खेल को बढ़ावा दे रहा है वह सराहनीय है।

********************

एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया और तेलंगाना एथलेटिक्स संघ की ओर से तेलंगाना में आयोजित 5वीं इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन झारखंड को दो स्वर्ण मिले। गुमला की सुप्रीति कच्छप ने 5 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। वहीं रांची के विशाल बहादुर ने ट्रिपल जंप में दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

********************

दिवाली और छठ पर्व के दौरान राज्य के कई इलाको में मौसम शुष्क रहेगा। लेकिन कुछ क्षेत्रों में बारिश खलल डाल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 20 अक्टूबर को झारखंड के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सो में आकाश में बादल छाए रहेंगे। कही कही मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

********************

अखबरों की सुर्खिया

- रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने धनतेरस पर हुई जमकर खरीदारी की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है—त्योहार में खरीदारी पिछले साल से 25 प्रतिशत बढ़ी, कुल कारोबार दशकों में सर्वाधिक
- प्रभात खबर के शब्द है—सोना ने 59 दशमलव 94 प्रतिशत और चांदी ने 76 दशमलव 47 प्रतिशत लगाई छलांग
- हिंदुस्तान लिखता है—रांची में 700 करोड़ की धनवर्षा
- और दैनिक जागरण ने लिखा है—कांके रोड में देर रात रेस्टोरेंट संचालक की गोली मार कर हत्या।

****************